www.amritvichar.com

# अमृत विचार

## लखनऊ महानगर

लखनऊ, मंगलवार,7 अप्रैल 2026

## सुविचार



जब तक हम स्वयं निरपराध न हों तब तक दूसरों पर कोई आक्षेप सफलतापूर्वक नहीं कर सकते।

-सरदार वल्लभ भाई पटेल

## लखनऊ के प्रमुख समाचार


- छात्र की मौत में विधि विवि की व्यवस्था पर सवाल II
- 300 वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को दिया गौरव सम्मान III
- लविवि : कम्प्यूटर विज्ञान में आठ नए पाठ्यक्रम शुरू IV


## शहर में आज



- लखनऊ विश्वविद्यालय के योग विभाग में योग आसन, प्राणायाम शिविर- 7 :00 बजे से।
- नेशनल पीजी कॉलेज में विकसित भारत और भारतीय ज्ञान प्रणाली पर अंतरराष्ट्रीय सेमिनार- 10 : 00 बजे से।
- बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में अन्वेषणात्मक डेटा विश्लेषण और जनरेटिव एआई पर राष्ट्रीय कार्यशाला- 10 :00 बजे से।
- भागीदारी भवन में फोटोग्राफर्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश प्रतिनिधि सम्मेलन- 11 :00 बजे से।
- महाराजा बिजली पासी स्नातकोत्तर विद्यालय आशियाना में कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा सम्मान जनक कार्य पर जागरुकता कार्यक्रम- 12 :00 बजे से।
- वृंदावन योजना स्थित एएलएस एकेडमी में आमेलित शिक्षकों का पुरानी पेंशन में सम्मिलित संबंधी आदेश निर्गत पर हर्षोल्लास दिवस का आयोजन- 12 :00 बजे से।
- अकादमी के बीएम शाह प्रेक्षागृह में भारतेंदु नाट्य अकादमी के स्वर्ण जयंती समारोह के तीसरे दिन नाटक ये कैसा इंसाफ का मंचन- 3 :30 बजे से।
- राजा बाजार के गीता भवन में लखनऊ हरिश्चंद्र वंशीय समाज महिला समिति सुहासिनी की ओर से श्रीमद्भागवत कथा में श्रीकृष्ण लीला व गोवर्धन पूजा- 3 :00 बजे से।
- अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में पं. रवि शंकर म्यूज़िक फाउंडेशन और उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के तत्वावधान में भारत रत्न पं. रवि शंकर की जयन्ती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम- 5 :00 बजे से।
- कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में फार्मर रजिस्ट्री की बैठक व समीक्षा- 5 :30 बजे से।

पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

# आयुष्मान मरीज को बाहर से दवा लिखने की जांच करेगी कमेटी

- तीन सदस्यीय जांच कमेटी से कुलपति ने जल्द मांगी रिपोर्ट

अमृत विचार Follow UP

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के नेत्र रोग विभाग में आयुष्मान योजना के लाभार्थी मरीज की गलत रिपोर्ट देने और बाहर से दवाएं-लेंस मंगवाने मामले में सोमवार को तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित कर दी गई। कुलपति प्रो सोनिया नित्यानंद ने जांच कमेटी से जल्द रिपोर्ट मांगे है।

जेहटा, काकोरी निवासी गणेश कश्यप की 57 वर्षीय पत्नी गीता कश्यप को दाहिनी आंख में मोतियाबिंद की शिकायत थी। आरोप है कि केजीएमयू में हुए अल्ट्रासाउंड परीक्षण में बाईं आंख में समस्या बता दी गई। इतना ही नहीं, सर्जरी के नाम पर मरीज को सादे कागज पर दवाओं की सूची थमा दी गई और एक विशेष मेडिकल स्टोर से लेंस व दवाएं लाने के लिए कहा गया, जबकि मरीज आयुष्मान भारत योजना की लाभार्थी है। मामले पर केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने पूरे प्रकरण का संज्ञान लेते हुए गहन जांच के आदेश दिए हैं। उनके निर्देश पर गठित तीन सदस्यीय समिति में डॉ. केके सिंह के साथ डॉ. सुरेश और डॉ. सुरेंद्र को शामिल किया गया है। प्रवक्ता ने कहा कि जांच टीम जल्द से जल्द अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। रिपोर्ट के आधार पर जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### निजी अस्पताल में हो गया मुफ्त में ऑपरेशन



केजीएमयू में आयुष्मान लाभार्थी को लिखी बाहर की दवाएं

अमृत विचार में 6 अप्रैल को प्रकाशित खबर।

- केजीएमयू की कार्यशैली से आहत मरीज गीता कश्यप ने सोमवार को सीतापुर रोड स्थित एक निजी अस्पताल में ऑपरेशन कराया। पति गणेश कश्यप का कहना है कि ऑपरेशन आयुष्मान योजना के तहत पूरी तरह निःशुल्क किया गया है। मरीज को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं है।

### महिला डॉक्टर की संविदा समाप्त

- **अमृत विचार, लखनऊ :** रानी लक्ष्मीबाई संयुक्त चिकित्सालय में कार्यरत एक महिला डॉक्टर की संविदा सेवा गंभीर आरोपों के बाद समाप्त कर दी गई है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, संबंधित डॉक्टर पर सीएमएस से अभद्रता, अनुशासनहीनता और कार्य में लापरवाही जैसे आरोप लगे थे, जिनकी जांच के बाद कार्रवाई की गई। मामले की जांच के लिए गठित चार सदस्यीय कमेटी के सामने महिला डॉक्टर ने पेश होकर अपना पक्ष रखा, लेकिन कमेटी उसकी सेवाओं से संतुष्ट नहीं हुई। इसके बाद कमेटी ने सेवा समाप्त करने की संस्तुति की, जिस पर जिला स्वास्थ्य समिति ने अंतिम मुहर लगा दी। इस प्रकरण में कुल दो महिला डॉक्टरों और एक लैब टेक्नीशियन के खिलाफ शिकायत दर्ज हुई थी। जहां एक डॉक्टर को जांच में क्लीन चिट मिल गई, वहीं दूसरी डॉक्टर पर कार्रवाई की गाज गिरी। दूसरी ओर, लैब टेक्नीशियन बिना सूचना लंबे समय से अनुपस्थित हैं, जिससे जांच प्रक्रिया भी प्रभावित हो रही है। स्वास्थ्य विभाग ने सभी संबंधित कर्मचारियों को नोटिस जारी कर 7 फरवरी को साक्ष्यों सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए थे। कमेटी में सीडीओ, एसीएमओ (आरसीएच), ट्रेजरी अधिकारी समेत चार सदस्य शामिल थे। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने बताया कि कमेटी की संस्तुति पर जिला स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष द्वारा अनुमोदन के बाद महिला डॉक्टर की सेवा समाप्त कर दी गई है। आगे की कार्रवाई जारी है।

### केजीएमयू में मरीज की मौत, लापरवाही का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** केजीएमयू के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग में भर्ती बुजुर्ग की मौत हो गई। परिजन ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए कुलपति से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई गई है। गोविंद नगर, पारा की रहने वाली गीतांजलि ने कुलपति को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि पिता दुर्गा प्रसाद (79) को सांस लेने की तकलीफ होने पर रेस्पिरेटरी के आईसीयू में भर्ती कराया गया था। जहां 31 मार्च को मौत हो गई। आरोप है कि तीन दिन तक मरीज को ब्लीडिंग होती रही। लेकिन बार-बार कहने के बावजूद चिकित्सकों ने ध्यान नहीं दिया।

# गैस के संकट में इंडक्शन बना सहारा

## मल्टी यूज प्रेशर कुकर, केतली और कढ़ाई समेत बर्तनों के विकल्प भी बाजार में आए

नीरज मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार :** ईरान और इजराइल-अमेरिका के बीच युद्ध ने रसोई गैस का जबरदस्त संकट खड़ा कर दिया है। शहर में भी गैस एजेंसियों पर लंबी-लंबी कतारें लग रहीं हैं। रसोई गैस के संकट से घिरे लोगों ने विकल्प चुनने शुरू कर दिए हैं। इसे देख इंडक्शन के साथ उस पर इस्तेमाल होने वाले बर्तनों की श्रृंखला व्यापारियों ने बाजार में उतार दी है। इसमें मल्टी यूज प्रेशर कुकर, केतली, कढ़ाई समेत कई तरह के बर्तन शामिल हैं। घरेलू उपयोग की एसेसरीज की रेंज के अलावा होटल, संस्थानों और हॉस्टल के लिए पावर वाले इंडक्शन भी बाजार में बड़ी संख्या में आ गए हैं। इन व्यवसायिक उपयोग वाले हैवीगेज चूल्हों पर 100 किलो तक का वजन चढ़ाया जा सकता है।

यहियागंज के थोक कारोबारी नीतेश अग्रवाल ने बताया कि प्रमुख प्रतिष्ठानों का साधारण सा आकलन किया जाए तो 40 से 50 यूनिट रोज इंडक्शन की निकल रही हैं। तकरीबन 5,000 से 6,000 रोज बाजारों में बेचे जा रहे हैं।

मेटल एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि ईंधन की जरूरतों को देखते हुए इस सोलर इनर्जी के युग में इनसे बेहतर विकल्प और क्या हो सकता है। न केवल इंडक्शन बल्कि इनसे जुडे. बर्तनों के नई रेंज बाजारों में दिख रही और बिक रही है।

करीब डेढ़ दशक पहले गैस को चूल्हों की खरीदारी के वक्त उनके बर्नर के लिए सालभर की गारंटी या वारंटी दी जाती थी। इसी तरह कंपनियों ने इन इंडक्शन यूनिट के लिए भी सालभर की वारंटी दे रही हैं। इन यूनिटों की राहत का यह ऑफर ग्राहकों को रास भी आ रहा है। यूनिट दिखा रहे कमल किशोर इनकी खूबियां भी बताते हैं।




### प्रेशर कुकर में एक साथ पक जाती कई डिश




- इंडक्शन और ऊर्जा की कम खपत को देखते हुए ऐसे प्रेशर कुकर बनाए गए हैं जिनमें एक साथ कई तरह की डिश पक जाती हैं। उन्हें यहीं से सीधे सर्व करने की भी व्यवस्था है। कम ऊर्जा शोषित करने वाली कढ़ाईयां हैं तो दूध और चाय उबालने के लिए केतली भी है। डेढ़ लीटर क्षमता वाली इस केतली की कीमत 2,750 रुपया प्रति पीस है।



### इंडक्शन के दाम

- घरेलू इंडक्शन 10 से 12 किलो वाला 2,500 से 3,000 रुपये
- मध्यम इंडक्शन 50 से 60 किलो वाला 14,500 से 15,000 रुपये
- हैवीगेज व्यवसायिक परपज 100 किलो वाला 25,000 से 30,000 रुपये




### इंडेन की मां दुर्गा गैस एजेंसी के ग्राहक दूसरी एजेंसी में होंगे शिफ्ट

- **अमृत विचार :** गैस की किल्लत के बीच एक ओर उपभोक्ता परेशान हैं वहीं आपूर्ति के दबाव से गैस एजेंसी संचालक भी बीमार पड़ रहे हैं। इंडेन ऑयल की गोमती नगर स्थित मां दुर्गा एजेंसी के संचालक की तबियत खराब हो जाने से उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इससे उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं। इस समस्या को देखते हुए कंपनी अब एजेंसी के उपभोक्ताओं को आस-पास की इंडेन ऑयल की गैस एजेंसी में शिफ्ट करने जा रही है। वहीं दूसरी ओर भारत गैस की कपूरथला स्थित अशोका गैस सर्विस उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं करा पा रही है। वर्तमान में एजेंसी के पास लगभग 30,000 उपभोक्ता हैं। यहां गैस सिलेंडर लेने के लिए लोग बुकिंग के बाद 10 दिन से इंतजार कर रहे हैं। एजेंसी के पास चौक स्थित बंद हो चुकी गैस एजेंसी के उपभोक्ता भी शामिल हैं। एजेंसी पर लोड अधिक है, जिससे उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर के लिए एजेंसी के गोदाम पर लंबी कतार लगानी पड़ रही है। समस्या को देखते हुए अब भारत पेट्रोलियम के अधिकारी गैस एजेंसी का लोड कम करने की तैयारी कर रहे हैं। चौक और बालागंज क्षेत्र के उपभोक्ताओं को आस-पास की दूसरी एजेंसी में शिफ्ट किया जाएगा। एडीएम आपूर्ति ज्योति गौतम ने कहा कि गैस एजेंसियों के पास क्षमता से अधिक उपभोक्ता हैं। इससे उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर की आपूर्ति नहीं कर पा रहे हैं। जिन गैस एजेंसियों के पास ज्यादा उपभोक्ता हैं उन्हें आस-पास की दूसरी एजेंसी में शिफ्ट किया जाएगा।



रसोई गैस सिलेंडर भरवाने जाते लोग।



नगर निगम मुख्यालय में समर्थकों के साथ धरना देते सपा विधायक रविदास मेहरोत्रा। अमृत विचार

# नगर निगम में धरने पर बैठे सपा विधायक रविदास, सौंपा ज्ञापन

- बोले, सड़कें खस्ताहाल, जगह-जगह खराब पड़े हैं ट्यूबवेल

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** मध्य क्षेत्र विधानसभा क्षेत्र की जनसमस्याओं का निस्तारण न होन से नाराज सपा विधायक रविदास मेहरोत्रा सोमवार को समर्थकों के साथ नगर निगम मुख्यालय में धरने पर बैठ गए। काफी देर तक नारेबाजी चलती रही। इसके बाद विधायक ने अपर नगर आयुक्त ललित कुमार को 11 सूत्री ज्ञापन सौंपा।

विधायक ने कहा कि सफाई कर्मचारी कम हैं जिससे कूड़ा समय से नहीं उठ रहा और सीवर की सफाई भी नहीं हो रही है। नलों से सीवर का गंदा पानी आ रहा है, जिससे बीमारियां फैलने का खतरा है। कई जगह ट्यूबवेल खराब पड़े हैं और सड़कें खस्ताहाल हैं। नगर निगम कोई सुनवाई नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि छत्ते वाले पुल के पास सड़क पर गड्ढे हैं, जिनमें गिरकर लोग चोटिल हो रहे हैं। नलों से सीवर का गंदा पानी आ रहा है और नगर निगम जल कर टैक्स बढ़ा रहा है। मध्य विधानसभा के 17 वार्डों में उनके द्वारा लगाई गयीं पानी की टंकियां खराब पड़ी हैं। विधायक ने नगर निगम पर आरोप लगाया कि उनके क्षेत्र में विकास कार्य में भेदभाव किया जा रहा है। उन्होंने खुले नालों का ढकने और सरकार एवं नगर निगम के विकास कार्यों के पत्थरों पर विधायक का नाम लिखवाने की मांग की। विधायक ने प्रमुख चौराहों पर जाम की समस्या और खराब ट्यूबवेल का मुद्दा भी उठाया।

### निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर नगर आयुक्त ने जताई नाराजगी

- **अमृत विचार, लखनऊ :** नगर आयुक्त गौरव कुमार ने सोमवार को जोन 7 स्थित मनोरथा गौशाला का निरीक्षण करके निर्माण कार्यों का जायजा लिया। कार्यों की धीमी गति पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि गौशाला से जुड़े सभी कार्यों को प्राथमिकता पर शीघ्र पूरा किया जाए। नगर आयुक्त ने इसके बाद जोन 4 के विभूति खंड में चल रहे सीएम ग्रिड योजना फेज 2 के कार्यों का निरीक्षण करके अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण में मुख्य अभियंता महेश वर्मा, नगर अभियंता जोन 7 संजय पांडे, नगर अभियंता जोन 4 अतुल मिश्रा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मालगाड़ी से कटकर युवक की मौत, शिनाख्त नहीं

- **अमृत विचार, काकोरी :** पारा के आलमनगर स्टेशन के पास सोमवार सुबह मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन असफल रहे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक सोमवार सुबह 10 बजे आलमनगर रेलवे लाइन पर मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत की सूचना मिली थी। शव के कई हिस्से हो गया था। पुलिस ने आसपास के लोगों से पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

## सिटी ब्रीफ

### 73 परिसरों में जांच, छह जगह पकड़ी बिजली चोरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहर में सोमवार को बड़े बकायेदारों के खिलाफ अभियान चलाकर 73 परिसरों की जांच की गई। इसमें 6 उपभोक्ता बिजली चोरी करते पकड़े गए। इन सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। गोमतीनगर क्षेत्र में रेड टीम ने 32 उपभोक्ताओं की जांच की। इनमें से 24 उपभोक्ताओं के मीटरों को तुरंत रिचार्ज कराया गया। 6 कनेक्शन पहले से कटे पाए गए। जांच के दौरान राहत की बात यह रही कि इस क्षेत्र में कोई भी उपभोक्ता बिजली चोरी करते नहीं मिला। साथ ही, पेड़ों की कटाई-छंटाई और लाइन मेंटेनेंस का कार्य भी किया गया। अमौसी क्षेत्र में भी बिजली चोरी रोकने के लिए अभियान चलाया गया। 9 कनेक्शनों की जांच में 2 उपभोक्ताओं के कनेक्शन संदिग्ध पाए गए, जबकि अन्य 7 में सप्लाई चालू मिली। सभी मामलों में विभाग द्वारा आवश्यक कार्रवाई की गई। लखनऊ मध्य जोन में नई वर्टिकल व्यवस्था के तहत उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं मिल रही हैं। 1912 हेल्पलाइन पर मीटर से जुड़ी 60, सप्लाई की 157, बिल की 43 शिकायतों का निस्तारण किया गया।

# जुग्गौर में अवैध रो-हाउस तोड़ने पर एलडीए की टीम को दौड़ाया

- घेराव करके टीम पर हमले का प्रयास जान बचाकर भागे जेई और कर्मी
- अधिकारी व पुलिस से नोकझोंक विरोध के चलते रोकी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** चिनहट के जुग्गौर में सोमवार को अवैध प्लाटिंग ध्वस्त करने गई एलडीए की टीम को विरोध का सामना करना पड़ा। बिल्डर और उसके सहयोगियों ने कार्रवाई का विरोध करके अफसरों और पुलिस से नोकझोंक की। बात नहीं बनी तो काफी संख्या में एकजुट होकर टीम पर हमले का प्रयास किया। जेई समेत अन्य कर्मचारियों को दौड़ा लिया। किसी तरह टीम जान बचाकर वहां से भाग आई और कार्रवाई रोकनी पड़ी।

प्रवर्तन जोन-1 अंतर्गत चिनहट के ग्राम जुग्गौर में किसान पथ के पास गौतम सिंह व अन्य द्वारा लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग करके कालोनी विकसित की जा रही थी। स्थल पर अवैध रूप से 3 रो-हाउस भवनों का निर्माण भी कराया जा रहा था। निर्माण अवैध होने पर विहित न्यायालय द्वारा ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किये थे। इस क्रम में प्रवर्तन जोन-1 के अवर अभियंता विपिन बिहारी राय एवं राहुल विश्वकर्मा प्राधिकरण पुलिस के साथ कार्रवाई करने पहुंचे। टीम ने बुलडोजर से प्लाटिंग में सड़क, नाली, भूखंडों के डिमार्केशन के लिए ईंट से की गई चिनाई आदि निर्माण ध्वस्त कर दिया।

इसके बाद अवैध रो-हाउस भवनों पर बुलडोजर चलाया तो काफी संख्या में पहुंचे लोगों ने दबाव बनाया। कार्रवाई जारी रखने पर टीम का घेराव करके हमला करने का प्रयास किया। जेई व अन्य कर्मियों को दौड़ा लिया। जिन्हें जान बचाकर भागना पड़ा। विरोध के चलते ध्वस्तीकरण अभियान रोक दिया गया। जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि पुनः तिथि निर्धारित करके पुलिस बल के सहयोग से किसान पथ के आसपास वेलनेस सिटी से आच्छादित क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर सभी अवैध प्लाटिंग ध्वस्त करेंगे।

### सैरपुर और खदरा में तीन अवैध निर्माण सील

- प्रवर्तन जोन-4 के जोनल अधिकारी माधवेश कुमार ने बताया कि शिव मंगल प्रसाद व अन्य द्वारा सैरपुर में आईआईएम रोड स्थित ग्राम पलहरी में अवैध रूप से दुकानों व भवन का निर्माण कराया जा रहा था। इसी तरह रैथा रोड पर आदित्य इंटरप्राइजेज के प्रबंधक द्वारा अवैध रूप से निर्माण कार्य कराया जा रहा था। वहीं, मोहम्मद शाजिद खान व अन्य द्वारा खदरा, फैजुल्लागंज में अवैध रूप से आवासीय भवन का निर्माण कराया जा रहा था। एलडीए से मानचित्र बिना स्वीकृत किये जा रहे इन तीनों अवैध निर्माण को सील किए गए।

विश्व स्वास्थ्य दिवस आज

बेड रेस्ट, दवाएं और नियमित जांच समेत हर सलाह के पीछे वैज्ञानिक कारण

# गर्भावस्था में डॉक्टर की सलाह ही सुरक्षित मातृत्व की कुंजी


पंकज द्विवेदी, लखनऊ

**अमृत विचार :** गर्भावस्था के दौरान डॉक्टर की सलाह को नजरअंदाज करना मां और बच्चे दोनों के लिए गंभीर जोखिम खड़ा कर सकता है। 7 अप्रैल को मनाए जाने वाले विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर विशेषज्ञों ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि सुरक्षित मातृत्व के लिए चिकित्सा सलाह, नियमित जांच और परिवार का सहयोग बेहद जरूरी है। इस वर्ष की थीम 'टुगेदर फॉर हेल्थः स्टैंड विद साइंस' भी यही संदेश देती है कि बेहतर स्वास्थ्य के लिए विज्ञान और विशेषज्ञों पर भरोसा करना आवश्यक है।

केजीएमयू के क्वीन मेरी अस्पताल की वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुजाता देव के अनुसार, चाहे गर्भावस्था सामान्य हो या उच्च जोखिम वाली, डॉक्टर की सलाह को नजरअंदाज करना गंभीर परिणाम दे सकता है। बेड रेस्ट, दवाएं और नियमित जांच हर सलाह के पीछे वैज्ञानिक कारण होते हैं, जिनका पालन जरूरी है। इन उदाहरणों से स्पष्ट है कि गर्भावस्था के दौरान जरा सी लापरवाही भी भारी पड़ सकती है। विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम के अनुरूप, यदि हम विज्ञान पर भरोसा करें और सही चिकित्सा सलाह का पालन करें, तो मां और शिशु दोनों का भविष्य सुरक्षित और स्वस्थ बनाया जा सकता है।

### लापरवाही से बढ़ा जोखिम, झेलनी पड़ी परेशानियां

- लखनऊ की 35 वर्षीय शिक्षिका सोनी का मामला इसका उदाहरण है। चिकित्सकों ने उनकी गर्भावस्था को उच्च जोखिम वाला बताते हुए पूर्ण बेड रेस्ट की सलाह दी थी, लेकिन उन्होंने इसे अनदेखा किया। परिणामस्वरूप तीसरे माह में रक्तस्राव शुरू हो गया और उन्हें अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। बाद के छह माह उन्हें पूरी तरह बिस्तर पर रहना पड़ा। हालांकि परिवार के सहयोग से उन्होंने स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया, लेकिन पूरी गर्भावस्था कष्टदायक रही। इसी तरह 31 वर्षीय गृहिणी रानी ने भी चिकित्सकीय सलाह को गंभीरता से नहीं लिया। सातवें माह में ही उनकी बच्ची का जन्म हो गया और उसे एक माह तक आईसीयू में रहना पड़ा। अब बच्ची स्वस्थ है, लेकिन यह समय परिवार के लिए बेहद कठिन साबित हुआ।



डॉ सुजाता देव

### समझदारी और निगरानी से मिला सुखद परिणाम

- वहीं 31 वर्षीय कीर्ति का अनुभव एक सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत करता है। विवाह के दस वर्ष बाद गर्भधारण करने वाली कीर्ति को पहले दो बार गर्भपात कराना पड़ा क्योंकि भ्रूण का विकास सही नहीं हो रहा था। तीसरी बार उन्होंने चिकित्सकों की निगरानी में पूरी सावधानी बरती और एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया।

### इन बातों का रखें ध्यान

- कम से कम चार प्रसवपूर्व जांचे कराएं
- चिकित्सक की सलाह माने और सलाह के अनुसार दवाएं लें
- बेड रेस्ट की सलाह को अनदेखा न करें
- संतुलित एवं पौष्टिक भोजन करें
- कोई भी समस्या होने पर तुरंत चिकित्सक को दिखाएं

### ऐसे समझें उच्च जोखिम

- पूर्व में मृत शिशु का जन्म व नवजात शिशु की मृत्यु
- पूर्व में प्री टर्म बच्चे का जन्म
- पूर्व में बार-बार गर्भपात होना
- पूर्व में कम वजन का शिशु पैदा होना
- एक्लेम्पशिया की हिस्ट्री या प्री एक्लेम्पशिया
- पूर्व में सिजेरियन होना
- पूर्व में भ्रूण में जन्मजात विकृत की हिस्ट्री
- पूर्व प्रसव में पीपीएच की हिस्ट्री
- गंभीर बीमारी से ग्रसित होना
- आयु 15 वर्ष से कम या 35 वर्ष से ज्यादा
- मां का वजन 35 किलो से कम
- लंबाई 145 सेमी से कम
- गर्भाशय या योनि में असामान्यता होना

## सिटी ब्रीफ

### बंद मकान का ताला तोड़कर चोरी

**अमृत विचार, लखनऊ:** बिजनौर के रहीमाबाद में रहने वाली रामकली के बंद मकान का ताला तोड़कर चोरों ने जेवर व नकदी चोरी कर ले गये। रहीमाबाद निवासी रामकली के मुताबिक 28 मार्च की रात करीब दो बजे उनके घर में चोरी हो गई। चोरों ने जेवर व 4000 रुपये नकदी साथ ले गये। दूसरे दिन घर पहुंची तो ताला टूटा मिला। सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले तो उसमें एक संदिग्ध व्यक्ति दिखा। जो रात के वक्त ताला तोड़ रहा था। इसके कुछ देर बाद सामान लेकर भाग गया। इंस्पेक्टर रहीमाबाद अरुण त्रिगुणायत के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### रिव्यू के बदले में कमाई का लालच दे ठगे दो लाख

**अमृत विचार, लखनऊ:** अलीगंज के चंद्रलोक कॉलोनी निवासी निखिल पांडेय से दो लाख रुपये की साइबर ठगी हुई। चंद्रलोक कॉलोनी सेक्टर-बी निवासी निखिल पांडेय के मुताबिक 24 मार्च को उनको एक टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ा गया। जहां गूगल रिव्यू के बदले में कमाई का लालच दिया। निखिल के मुताबिक दिये गये निर्देशों का पालन करते हुए रुपये बताये गये खातों में 2.02 लाख रुपये जमा कराया। पीड़ित ने ठगी का अहसास होने पर साइबर क्राइम पोर्टल व साइबर क्राइम सेल में शिकायत की। जांच के बाद अलीगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। इंस्पेक्टर अलीगंज ध्रुव कुमार के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है।

### सड़क हादसे में महिला की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ:** सैरपुर इलाके में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक महिला की मौत हो गई। सीतापुर रोड स्थित रिवान्टा होटल के पास रविवार रात करीब दस बजे तेज रफ्तार वाहन ने एक महिला को टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर मौके से भाग निकला। सूचना पर सैरपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी। महिला के पैर में पायल और दो अंगूठियां बरामद हुई हैं। पुलिस मृतका की पहचान सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है और सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी वाहन का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

### तुलसी ग्रामोद्योग कार्यालय में चोरी

**अमृत विचार, लखनऊ:** विकासनगर सेक्टर-चार निवासी प्रदीप अग्रवाल ने तुलसी ग्रामोद्योग सेवा समिति के कार्यालय से लाखों रुपये की चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित के अनुसार घटना की रात राजस्थान के सीकर निवासी एक व्यक्ति कार्यालय में रुका था और उसी पर चोरी का आरोप है। सामान वापस मांगने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी और असलहों की फोटो भी भेजी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।प्रदीप अग्रवाल, जो समिति के अध्यक्ष हैं, ने बताया कि एक अप्रैल को राजस्थान के सीकर जिले के लक्ष्मणगढ़ निवासी मनीष जगीड़ कार्यालय में ठहरे थे। आरोप है कि शाम के समय उन्होंने कार्यालय की आलमारी से सात लाख रुपये नकद और दो सोने के सिक्के निकालकर फरार हो गए। कार्यालय की चाबी भी उनके पास ही थी। दो अप्रैल को फोन पर बातचीत के दौरान आरोपी ने पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी दी और पिस्तौल की फोटो भेजकर डराया। एसओ विकासनगर आलोक कुमार सिंह के अनुसार रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है।

### पिता पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ:** महानगर इलाके में रहने वाली युवती ने पिता पर गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता के मुताबिक पिता उस पर गंदी नियत रखते हैं। उसके साथ छेड़छाड़ करते है। चार अप्रैल को उसे जबरदस्ती करते हुए बेड पर गिरा दिया। विरोध करने पर पिटाई की। बीच-बचाव करने आई 94 वर्षीया दादी के साथ बदसलूकी की। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। मामले की जांच कर रही है। महानगर इलाके में रहने वाली 24 वर्षीया युवती के मुताबिक उसकी मां देखरेख ओर पढ़ाई लिखाई का खर्च उठाती है। चार अप्रैल की रात 10 बजे पिता ने उसके साथ मारपीट की। सीने पर गंदे तरीके से हाथ लगाया। जबरदस्ती बेड पर गिरा दिया। शोर मचाया तो उसकी पिटाई की। इस दौरान घर में मौजूद दादी ने बीच बचाव करने का प्रयास किया तो उनको धक्का देकर गिरा दिया। शोर शराबा सुनकर दूसरे कमरे में मौजूद मां पहुंची। इसके बाद किसी तरह जान बची।

# छात्र की मौत में विधि विवि की व्यवस्था पर सवाल

## स्वीमिंग पूल में डूबने से रविवार देर शाम हुई थी मौत, पुलिस कर रही मामले की जांच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार Follow UP

**अमृत विचार:** आशियाना स्थित डा. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय परिसर में संचालित स्वीमिंग पूल में रविवार रात कुशाग्र भूषण (18) की डूबने से मौत हो गई थी। हादसे ने विश्वविद्यालय के सुरक्षा व्यवस्था और जवाबदेही पर गंभीर सवाल खड़े किये हैं। पुलिस के मुताबिक शुरुआती जांच में हादसा लग रहा है। सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे है। परिजन ने विश्वविद्यालय पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

बंगला बाजार स्थित एल्डिको उद्यान प्रथम के निवासी कुशाग्र सेंट टेरेसा स्कूल में कक्षा 12 के छात्र थे। रविवार रात करीब आठ बजे वह अपने भाई प्रणव और तीन दोस्तों के साथ स्वीमिंग पूल में नहाने पहुंचे थे। नहाते समय अचानक वह लापता हो गए। काफी खोजबीन के बाद साथी उन्हें पूल के गहरे हिस्से में डूबा हुआ पाए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें बाहर निकलवाया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था, लेकिन परिजन ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। शव का अंतिम संस्कार कर दिया। मामले की जांच की जा रही है और पूल संचालन से जुड़े लोगों से पूछताछ होगी। घटना के बाद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अलग-अलग दावे सामने आए हैं। परिजन का आरोप है कि मौके पर कोई लाइफगार्ड मौजूद नहीं था। जिससे समय पर बचाव नहीं हो सका और लापरवाही के चलते कुशाग्र की जान चली गई। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों का दावा है कि वहां चार ट्रेनर और एक गार्ड मौजूद थे, लेकिन छात्र अचानक गहराई में चला गया, जिससे हादसा हो गया।

### निजी एजेंसी करती है संचालन

- विश्वविद्यालय प्रशासन ने पूल संचालन की जिम्मेदारी से खुद को अलग बताया है। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डा. शशांक शेखर ने कहा कि स्वीमिंग पूल का संचालन टेंडर के माध्यम से निजी एजेंसी, श्रीवास्तव कंस्ट्रक्शंस को दिया गया है, इसलिए इसकी जिम्मेदारी संबंधित एजेंसी की है। हालांकि इस बयान के बाद जिम्मेदारी तय करने को लेकर विवाद और गहरा गया है। पुलिस के अनुसार, सीसीटीवी फुटेज की जांच कर घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा रहा है। एहतियात के तौर पर स्वीमिंग पूल को दो दिन के लिए बंद कर दिया गया है।

# फ्लैट की कराई रजिस्ट्री रकम हड़प गये जालसाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** कैसरबाग क्षेत्र के घसियारी मंडी निवासी विकास कश्यप से जालसाजों ने फ्लैट की रजिस्ट्री कराकर रकम हड़प ली। आरोप है कि फ्लैट के एवज में 14 लाख रुपये देने का वादा किया गया, लेकिन आरोपियों ने केवल चेक दिखाकर अपने पास रख लिया और कोई भुगतान नहीं किया। जब पीड़ित ने रुपये मांगे तो उसे धमकियां दी जाने लगीं। थाने में शिकायत के बावजूद कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने कोर्ट का सहारा लिया, जहां से आदेश मिलने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।

पीड़ित विकास कुमार कश्यप के अनुसार नवंबर 2024 में उन्होंने करीब 15.71 लाख रुपये मूल्य का फ्लैट खरीदा था, जिसके लिए बैंक से लोन भी लिया गया। आरोप है कि परिचित कृष्ण मोहन ने उन्हें भरोसे में लेकर फ्लैट 14 लाख रुपये में बेचने के लिए तैयार किया और लोन निपटाने का आश्वासन दिया। 25 नवंबर 2024 को रजिस्ट्री के समय भुगतान का वादा किया गया, लेकिन न चेक मिला और न ही खाते में पैसा आया। बाद में जनवरी 2025 में भी रकम देने की बात कही गई, पर भुगतान नहीं हुआ। कोर्ट के आदेश पर कृष्ण मोहन व राजेश पाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# तीन दिन का विशेष अभियान 5410 वाहनों का चालान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 5410 वाहनों का चालान
- 5 अप्रैल तक चलाया गया विशेष अभियान

**अमृत विचार:** राजधानी में ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों के खिलाफ पुलिस और ट्रैफिक पुलिस सख्त हो गई है। तीन दिन चलाए गए विशेष अभियान के दौरान सबसे ज्यादा ट्रैफिक उल्लंघन बाइक सवारों ने किया। इस दौरान यातायात नियम तोड़ने वालों के खिलाफ 5410 वाहनों का चालान करते हुए 293 वाहन को सीज किया।

तीन से पांच अप्रैल के बीच चलाए गए अभियान के दौरान लखनऊ पुलिस ने दो-पहिया वाहनों के विरुद्ध विशेष चेकिंग की। अभियान में मॉडिफाइड साइलेंसर, बिना हेलमेट, तेज गति, ट्रिपल राइडिंग समेत अन्य यातायात नियम उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। कई वाहनों को वैध दस्तावेज न होने, बिना नंबर प्लेट होने के चलते सीज किया गया। पुलिस आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सेंगर के दिशा-निर्देशन में बीट इंचार्ज अपने क्षेत्र में बैरियर लगाकर पुलिस बल के साथ दोपहिया वाहनों के विरुद्ध एक विशेष अभियान चलाया गया।

## जाम का झाम



कमता क्रासिंग पर जाम की समस्या आम हो गई है। इस समस्या का कोई हल नजर नहीं आता। सोमवार को जाम लगने के चलते परेशान राहगीर। ● अमृत विचार

# बुजुर्ग कारोबारी से 91.30 लाख की ठगी, एफआईआर दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- निजी बैंक के एबीसीपीएल एप पर एचएनआई ट्रेडिंग अकाउंट खुलवाकर की ठगी
- साइबर थाने की पुलिस कर रही जांच, महिला व पुरुष के बारे में जुटा रही जानकारी

**अमृत विचार:** गोमतीनगर के विभवखंड निवासी 66 वर्षीय कारोबारी उत्तम कुमार गहलोत को शेयर बाजार में निवेश करने पर मोटे मुनाफे का लालच देकर साइबर जालसाजों ने 91.30 लाख रुपये ठग लिये। पीड़ित के मुताबिक आरोपियों ने निजी बैंक के एबीसीपीएल एप पर एचएनआई ट्रेडिंग अकाउंट खुलवाकर ठगी को अंजाम दिया। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार यादव के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है।

विभवखंड निवासी उत्तम कुमार गहलोत के मुताबिक 12 जनवरी को उन्हें न्यू बेरी सिक्योरिटीज व्हाट्सएप ग्रुप पर जोड़ा गया। ग्रुप के चीफ एनालिस्ट राजेश मोदी रोजाना ग्रुप पर मार्केट विश्लेषण व शेयर खरीदने और बेचने का सुझाव देता था। बाद में उसने उन्हें एबीसीपीएल ऐप पर एचएनआई ट्रेडिंग अकाउंट खोलने के लिए प्रेरित किया । उत्तम ने कहा कि बातों में आकर उन्होंने तीन फरवरी को ट्रेडिंग अकाउंट खोला।

कुछ दिन बाद राजेश की साथी मीना जोशी के कहने पर 17 बार में उसके द्वारा बताये गये खातों में 91,30,611 रुपये जमा कर दिए। इतना ही नहीं मीना ने उनसे समय-समय पर सर्विस फीस, आयकर व अतिरिक्त जमा मदों की मांग करते हुए उनसे और रकम ली। उत्तम ने बताया कि कुछ दिन बाद जब उन्होंने एप में दिख रहे मुनाफे को निकालना चाहा तो उनकी आईडी बंद कर दी गई। व्हाट्सएप ग्रुप से भी हटा दिया गया। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की। इंस्पेक्टर साइबर क्राइम थाना बृजेश कुमार यादव के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है।

# एनआरआई के घर में लाखों का सामान चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विभूतिखंड इलाके में हुई घटना, पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी फुटेज

**अमृत विचार:** विभूतिखंड विभवखंड निवासी एनआरआई भूपेंद्र सिंह व हिरेंद्र सिंह के घर में रविवार रात लाखों रुपये का सामान चोरी हो गया। भूपेंद्र के मुताबिक उनकी मां का निधन 29 मार्च को हो गया था। पूरा परिवार बहराइच में है। वह किसी काम से लखनऊ आये थे। घटना के वक्त भूपेंद्र सिंह रिश्तेदार के घर खाना खाने गये थे। सोमवार सुबह वापस आये तो घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की। वहीं, रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

विभव खंड निवासी कस्तूरी लाल जायसवाल पीडब्ल्यूडी से रिटायर्ड हैं। परिवार में पत्नी सरिता, दो बेटे हैं। बड़ा बेटा भूपेंद्र आस्ट्रेलिया में इंजीनियर और छोटा बेटा हिरेंद्र अमेरिका में रहता है। कस्तूरी लाल के मुताबिक पत्नी सरिता को किडनी की बीमारी थी। जिसका इलाज चल रहा था। दोनों बेटे कुछ दिनों पहले ही लखनऊ आए थे। 29 मार्च को पत्नी की बीमारी के कारण निधन हो गया था। वह पत्नी के शव को लेकर परिवार संग अपने गांव बहराइच चले गए थे। पीड़ित ने 30 मार्च को सरिता का अंतिम संस्कार किया। इसके बाद बड़ा बेटा भूपेंद्र लखनऊ आया। कस्तूरी लाल और परिवार के अन्य लोग तेहवीं के कार्यक्रम के चलते गांव में ही रूक गए। रविवार रात घर मे मौजूद सदस्य खाना खाने एक रिश्तेदार के घर चले गए। सोमवार सुबह जब भूपेंद्र जब घर आये तो देखा कि घर का ताला टूटा था। अंदर सारी आलमारी के ताले टूटे थे। चोरों ने एक किलो चांदी, छह सोने की चेन व कीमती सामान और नकदी साफ कर दिया। बेटे भूपेंद्र ने घर में चोरी की जानकारी पुलिस और पिता को दी। चोरी की सूचना पर विभूतिखंड पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने जांच के लिए फॉरेंसिक टीम को बुलाया। विभूतिखंड इंस्पेक्टर अमर सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई।



### सीसीटीवी फुटेज में दिखे चोर

- पीड़ित ने बताया कि उनके घर में चोरी रात करीब 11 से 12 बजे के बीच में हुई है। क्योंकि उनके घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में घटना करते वक्त चोरों की तस्वीर कैद हो गई। उनके घर को दो-तीन लोगों ने खाली किया है। चोर घर के मुख्य गेट का ताला तोड़कर अंदर घुसे है। चोर घर में जाते हुए दिखे है लेकिन बाहन निकलते हुए उनके हाथ में कुछ भी नहीं था।

# कक्षा छह की छात्रा से दुष्कर्म करने वाला पकड़ा गया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दुबग्गा के जेहटा इलाके में नाबालिग ने दिया था घटना को अंजाम

**अमृत विचार:** दुबग्गा के जेहटा इलाके में रहने वाली 13वर्षीया कक्षा छह की छात्रा से गांव के 17वर्षीय किशोर ने दुष्कर्म किया। साथ छात्रा को जान से मारने की धमकी दी। पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज किया। आरोपी को पुलिस ने सोमवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। उसे बाल सुधार गृह भेजा गया है।

इंस्पेक्टर दुबग्गा श्रीकांत राय के मुताबिक नाबालिग छात्रा के पिता ने बताया कि 31 मार्च को घर के सभी लोग खेत गेंहू काटने के लिए गए थे। रात करीब 11:30 बजे वापस आए और बेटी के साथ मे खाना खाकर सब लोग लेट गये। पीड़िता का भाई होटल पर काम करता है रात करीब 2.30 घर पर आया तो देखा कि बहन अपने कमरे में नही थी। करीब एक घण्टे बाद डरी सहमी छात्रा घर पहुंची।

छात्रा ने बताया कि कुछ दिन पहले स्कूल से जाते समय गांव का ही एक लडका अपने साथ फोटो खींच लिया था। धमकाता था कि तुम मेरी बात नहीं मानोगी तो मैं तुम्हारी अश्लील फोटो तुम्हारे भाई, पिता व गांव मोहल्ले में दिखाकर तुम्हे बदनाम कर दूंगा। यह कहकर रात में उसने अपने घर बुला लिया। घर ले जाकर उसने जबरदस्ती दुष्कर्म किया।

आरोपी ने धमकी दी कि किसी को इसकी जानकारी दी तो वीडियो वायरल कर दूंगा। तुमको जान से मार दूंगा। इंस्पेक्टर ने बताया कि पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज किया गया। आरोपी को सोमवार सुबह जेहटा चौराहे से गिरफ्तार कर बाल सुधार गृह भेज दिया गया।

### बिल्डर ने दर्ज कराई अंसल प्रॉपर्टीज पर एफआईआर

**अमृत विचार, लखनऊ:** अंसल प्रॉपर्टीज के खिलाफ रविवार को एक और रिपोर्ट दर्ज की गई। सुशांत गोल्फ सिटी थाने में दर्ज मुकदमे के अनुसार एक बिल्डर कंपनी ने अंसल प्रॉपर्टीज से कॉमर्शियल भूखंड का विक्रय अनुबंध किया था और इसके एवज में धनराशि भी दी थी। इसके बावजूद अंसल ग्रुप ने वही भूखंड किसी अन्य को बेच दिया। आरोप है कि बाद में कंपनी ने जबरन भूखंड खाली कराने का प्रयास किया और विरोध करने पर गार्ड के साथ मारपीट की गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गोमतीनगर ग्रीन एल्डिको कॉलोनी निवासी दिनेश चंद्र अग्रवाल, जो एक बिल्डर कंपनी के निदेशक हैं, ने बताया कि उन्होंने सुशांत गोल्फ सिटी सेक्टर-ए में कमर्शियल प्लॉट खरीदने के लिए अंसल प्रॉपर्टीज से अनुबंध किया था। पीड़ित ने प्लॉट की बाउंड्री भी बनवाई और एक जनवरी 2025 तक मेंटेनेंस शुल्क जमा किया। आरोप है कि कंपनी ने फर्जी लेआउट तैयार कर प्लॉट का बैनामा दूसरी कंपनी के नाम कर दिया। कब्जा न देने पर गार्ड की पिटाई की गई।

# भूखंड के नाम पर 41 लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पीड़ित ने बिजनौर थाने में स्वप्निल इंडिया मार्केटिंग के अधिकारियों पर दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार:** एसएसबी के डिप्टी कमांडेंट राजन कुमार से स्वप्निल इंडिया मार्केटिंग प्रा. लि. के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भूखंड के नाम पर करीब 41 लाख रुपये ठग लिये। पीड़ित ने इसके लिए एलआईसी से 37 लाख रुपये का होम लोन कराया था। आरोप है कि उनके नाम भूखंड की रजिस्ट्री भी कराई गई, लेकिन बाद में पता चला कि उसी संपत्ति की रजिस्ट्री किसी अन्य व्यक्ति के नाम भी की जा चुकी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मूल रूप से बिहार के बांका जिले के रजौन क्षेत्र स्थित पड़घड़ी निवासी



राजन कुमार वर्तमान में भारत-भूटान सीमा पर काजलगांव में तैनात हैं। उन्होंने वर्ष 2021 में परिवार के लिए लखनऊ के वृंदावन योजना क्षेत्र में मकान लेने का निर्णय लिया। इसी दौरान स्वप्निल इंडिया मार्केटिंग कंपनी ने अपने प्रोजेक्ट 'सौभाग्यम फेज-3 एक्सटेंशन' में आवास देने का भरोसा दिलाया। झांसे में आकर उन्होंने पहले टोकन राशि और बाद में करीब 4.14 लाख रुपये जमा किये, साथ ही एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस से 37 लाख रुपये का होम लोन भी स्वीकृत कराया।

16 सितंबर 2022 को उनके व उनकी पत्नी के नाम रजिस्ट्री कर दी गई, लेकिन तय समय सीमा में निर्माण पूरा नहीं हुआ और मार्च 2024 से काम बंद हो गया। कई बार संपर्क करने पर टालमटोल की गई और बाद में धमकी दी गई। अक्टूबर 2025 में मौके पर पहुंचने पर पता चला कि उक्त संपत्ति वर्ष 2021 में ही योनम इंटरनेशनल प्रा. लि. को बेची जा चुकी थी। पीड़ित ने बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

घोटाला

कई बार खातों में हो चुकी है हेराफेरी, कार्रवाई की मांग

# खातों से हुई कई बार धन निकासी, धारकों ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास में संचालित बैंक आफ बड़ौदा की घटना

**अमृत विचार:** पारा के मोहान रोड स्थित डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यायल परिसर में संचालित बैंक आफ बड़ौदा शाखा में सोमवार को खाताधारकों ने प्रदर्शन किया। आरोप है कि खातों से कई बार बिना अनुमति के निकासी की गई। सोमवार को बैंक के बाहर प्रदर्शन कर रहे लोगों ने शाखा खुलने नहीं दी। बैंककर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे थे।

पतौरा निवासी कुसमा देवी के खाते से शनिवार को चार हजार रुपये कटने का मैसेज आया था। जानकारी मिलने पर वह तत्काल बैंक पहुंचीं, जहां जानकारी मिली कि उनके खाते से कुसमा नाम की महिला ने रकम निकाली है। विरोध के बाद बैंककर्मियों ने उक्त रकम वापस खाते में जमा करा दी। कुसमा देवी का आरोप है कि इससे पहले भी उनके खाते से दो लाख दस हजार रुपये निकल चुके हैं, जो अभी तक वापस नहीं किए गए। बताया कि वह हमेशा हस्ताक्षर से निकासी करती हैं, जबकि इस बार अंगूठा लगाकर निकासी दिखा दी गई। इस मामले को लेकर कुसमा देवी ने पारा थाने में तहरीर दी थी।





सोमवार सुबह वह अन्य खाताधारकों के साथ बैंक पहुंचीं और कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। हालात ऐसे रहे कि बैंक का गेट नहीं खुल सका। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाने का प्रयास किया। करीब ढाई बजे खाताधारकों ने बैंक खोलने दिया और शाखा प्रबंधक आरके सिन्हा को अंदर जाकर आवश्यक दस्तावेज लेने की अनुमति दी। जिसके बाद बैंक फिर बंद कर दिया गया। शाखा प्रबंधक आरके सिन्हा ने बताया कि शिकायत मिलते ही कुसमा देवी के खाते में राशि वापस कर दी गई थी। उन्होंने बताया कि कुल 45 खाताधारकों के करीब दो करोड़ 12 लाख रुपये वापस किए जा चुके हैं। 47 खाताधारकों के मामले अभी जांच में हैं। उधर, खाते से रकम निकलने के तनाव में दो खाताधारकों की तबीयत बिगड़ने का मामला भी सामने आया है। सलेमपुर पतौरा निवासी सुधीर यादव के अनुसार, उनके पिता रामसिंह यादव के खाते से 18.60 लाख रुपये निकल गए थे, जिनमें से दस लाख ही वापस हुए हैं। तनाव के चलते उन्हें हार्ट अटैक पड़ा और केजीएमयू के लारी कार्डियोलाजी में भर्ती हैं, जहां हालत गंभीर बनी है। वहीं सरोसा भरोसा निवासी लवकुश पाल ने बताया कि उनके पिता सालिगराम पाल के खाते से 17.30 लाख रुपये निकले, जिनमें से करीब साढ़े छह लाख ही लौटाए गए हैं। उनकी भी हालत बिगड़ने पर अस्पताल में इलाज चल रहा है। मामले ने बैंकिंग सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# बुजुर्ग महिला को डिजिटल अरेस्ट रख ठगे आठ लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** कृष्णानगर क्षेत्र की 78 वर्षीय वीना खुराना को साइबर ठगों ने तीन दिन तक डिजिटल अरेस्ट में रखकर करीब आठ लाख रुपये ठग लिये। पीड़िता ने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पीड़िता के अनुसार चार मार्च को उनके मोबाइल पर कॉल आई, जिसमें कॉलर ने खुद को पुलिस मुख्यालय का सब-इंस्पेक्टर बताया और आधार कार्ड से जारी सिम के आतंकी गतिविधियों में इस्तेमाल होने की बात कही। इसके बाद व्हाट्सएप कॉल के जरिए डिजिटल अरेस्ट का आदेश दिखाकर तीन दिन तक लगातार डराया-धमकाया गया। आरोपी ने खुद को वरिष्ठ अधिकारी बताकर परिवार की सुरक्षा के नाम पर रकम जमा कराने का दबाव बनाया। झांसे में आकर महिला ने छह मार्च को आरटीजीएस के माध्यम से आठ लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए।

अगले दिन फिर रुपये भेजने का दबाव बनाया गया, लेकिन बैंक कर्मचारियों को संदेह हुआ और उन्होंने महिला को सतर्क कर पुलिस के पास भेजा। इसके बाद ठगी का खुलासा हुआ। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार यादव के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

## सिटी ब्रीफ

### बेगम हजरत महल के शहादत दिवस पर कार्यक्रम आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वतंत्रता सेनानी, अवध की राजमाता, बेगम हज़रत महल के 147वें शहादत दिवस के मौके पर बेगम हज़रत महल मेमोरियल कमेटी की तरफ से 7 अप्रैल को सुबह 8 :30 बजे से 10 :30 बजे तक बेगम हज़रत महल पार्क में होगा। जिसका उद्घाटन इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के सीनियर जज जस्टिस सैयद कमरुल हसन रिज़वी करेंगे। अंजुमन हिंद अवध बारादरी कैसरबाग के सचिव और कालविन तालुकेदार कॉलेज के मैनेजर कुंवर मनीष वर्धन सिंह की अध्यक्षता में होने वाले इस कार्यक्रम में एरा मेडिकल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. अब्बास अली मेहंदी मुख्य अरिथि के तौर पर शामिल होंगे। सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अखिलेश जायसवाल एडवोकेट गेस्ट विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। सोसाइटी के संस्थापक अब्दुल नसीर नासिर स्वागत भाषण पेश करेंगे। इसके अलावा अन्य वक्ता बेगम हज़रत महल और दूसरे स्वतंत्रता सेननियों की कुर्बानियों और सेवाओं पर रोशनी डालेंगे।

### गुरु तेग बहादुर का प्रकाश पर्व मनाया

**अमृत विचार, लखनऊ :** एलडीए कालोनी कानपुर रोड स्थित गुरुद्वारा मानसरोवर में गुरु तेग बहादुर का 405वां प्रकाश पर्व श्रद्धा व सत्कार से मनाया जा रहा है। गुरुद्वारा मानसरोवर के अध्यक्ष संपूर्ण सिंह बग्गा ने बताया कि धन-धन साहिब गुरु तेग बहादुर के प्रकाश पर्व के अवसर पर 5 अप्रैल को सुबह 9 बजे अखण्ड पाठ की शुरुआत गुरुद्वारा मानसरोवर में हुई थी, ये 7 अप्रैल को सुबह 8 बजे समाप्त होगा। उन्होंने बताया कि आज 6 अप्रैल को शाम 6 :30 बजे से रात्रि 10 :30 बजे तक कीर्तन दीवान सजाया गया। इस अवसर पर दरबार साहब वाले जगतार सिंह, ज्ञानी परमजीत सिंह, हजूरी रागी हरविन्दर सिंह, गुरुद्वारा मानसरोवर वालों ने सभी साध संगतों को गुरवाणी, कीर्तन कथा से निहाल किया। इस अवसर पर गुरुद्वारा साहिब को फूलों, लाइटों एवं गुब्बारों से सजाया गया।

### शिक्षक संघ ने की कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार, लखनऊ :** केजीएमयू के आर्थोपेडिक विभाग में डॉक्टर और तीमारदार के बीच हुई मारपीट ने शिक्षक संघ में नाराजगी है। केजीएमयू शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. केके सिंह ने बताया कि मामला बेहद गंभीर है और इसे लेकर संघ ने एग्जीक्यूटिव कमेटी में चर्चा का निर्णय लिया है। सोमवार को हुई बैठक में तय किया गया कि मंगलवार तक आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं होने पर बुधवार को शिक्षक संघ आंदोलन करेगा। मंगलवार को एग्जीक्यूटिव मीटिंग के बाद इस पर अंतिम फैसला लिया जाएगा मालूम हो कि एक अप्रैल को हड्डी रोग विभाग की ओपीडी में तीमारदार और डॉक्टर के बीच पहले बहस हुई और फिर मारपीट तक मामला पहुंच गया। इसके बाद परिजन और उनके समर्थक अगले दिन केजीएमयू पहुंचकर प्रदर्शन करने लगे, और दोनों पक्षों के बीच जमकर बहस हुई। शिक्षक संघ का कहना है कि ऐसे घटनाक्रम से न केवल अस्पताल का माहौल प्रभावित होता है, बल्कि चिकित्सा कार्य और सुरक्षा पर भी सवाल उठते हैं।



फिक्की फ्लो लखनऊ चैप्टर के चेंज ऑफ गार्ड समारोह में संकठन की पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ पूर्व आईपीएस डॉ. किरण बेदी। अमृत विचार

# महिलाएं जन्मजात प्रबंधक, दबाव में न आएं, आगे बढ़ें

## फिक्की फ्लो लखनऊ चैप्टर के चेंज ऑफ़ गार्ड समारोह में पूर्व आईपीएस डॉ. किरण बेदी ने याद दिलाई नारियों को उनकी शक्ति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **फिक्की फ्लो लखनऊ चैप्टर की नई टीम ने संभाली जिम्मेदारी**

**अमृत विचार:** महिलाएं घर, दफ्तर और किसी भी क्षेत्र में जन्मजात प्रबंधक होती हैं। वह शासन-प्रशासन के लिए पूरी तरह उपयुक्त होती है, इसलिए महिलाओं को सुलभ और दृश्यमान होना चाहिए। उन्हें दबाव में दबाव में आए बगैर समाधान खोज कर आगे बढ़ने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। ये बात फिक्की फ्लो लखनऊ चैप्टर के चेंज ऑफ़ गार्ड समारोह में श की पहली आईपीएस अधिकारी और पुडुचेरी की पूर्व उपराज्यपाल डॉ. बेदी किरण बेदी ने कही।

फिक्की फ्लो लखनऊ चैप्टर ने रविवार को शहर के होटल ताज में चेंज ऑफ़ गार्ड समारोह का आयोजन कर नई टीम को जिम्मेदारी सौंप दी।निवर्तमान चेयरपर्सन वंदिता अग्रवाल ने नई टीम के सदस्यों का परिचय कराया। इसके साथ ही सिमरन साहनी ने वर्ष 2026-27 के लिए चैप्टर की 12वीं चेयरपर्सन का कार्यभार संभाल लिया। फिक्की फ्लो की 43वीं राष्ट्रीय अध्यक्ष पूजा गर्ग मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। कार्यक्रम में विशेष रूप से आमंत्रित डॉ. बेदी ने प्रेरणादायक सत्र में अनुशासन, नेतृत्व और दृढ़ता से भरी अपनी यात्रा से मिली सीख साझा की। उन्होंने कहा कि नारीवाद का उद्देश्य महिलाओं को और अधिक सशक्त बनाना नहीं है, क्योंकि वे पहले से ही सशक्त हैं। इसका उद्देश्य तो दुनिया के उस नज़रिए को बदलना है, जिससे वह महिलाओं की इस शक्ति को देखती हैं। फिक्की लेडीज़ ऑर्गनाइज़ेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में किरण बेदी ने यह बातें सिमरन साहनी और देवांशी सेठ के साथ एक संवादात्मक सत्र में कहीं। उन्होंने कहा कि मैं लोगों से जुड़ना चाहती थी और इसी चाहत ने मुझे पुलिस सेवा में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। पुडुचेरी की उपराज्यपाल के तौर पर अपने 5 साल के कार्यकाल के दौरान मैंने अपनी कई आदतों में बदलाव किया और कई नए विचार लागू किए, जिनकी बदौलत मैं इस सार्वजनिक पद पर रहते हुए असाधारण नेतृत्व प्रदान कर सकी। पुडुचेरी की उपराज्यपाल के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान लोगों द्वारा उन्हें मां या बहन कहकर संबोधित किए जाने की बात याद करते हुए उन्होंने कहा कि लोगों के साथ एक मानवीय जुड़ाव स्थापित करना ही किसी महिला को विशेष बनाता है।

### 10 कैदियों के बच्चों की शिक्षा की जिम्मेदारी ली

- कार्यक्रम का एक एक आकर्षण लखनऊ जेल में रेडियो परवाज़ की शुरुआत थी, यह इंडिया विज़न फाउंडेशन की एक पहल है, जो अब लगभग 3100 कैदियों तक पहुंच रही है। फ्लो ने 10 कैदियों के बच्चों की शिक्षा के लिए भी अपने समर्थन की घोषणा की।

### अन्याय बिल्कुल स्वीकार नहीं

- डॉ. बेदी ने कहा कि आत्मविश्वास समय के साथ बढ़ता है, अन्याय बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं है। साहस का मतलब है कि आप अपने आस-पास की चीज़ों के प्रति कितने संवेदनशील हैं। विकास का मतलब है उन स्थितियों पर प्रतिक्रिया देना जो मुझे स्वीकार्य नहीं हैं।

### आयात का कोई विकल्प ढूंढें

- फिक्की फ्लो की उधमी महिलाओं से उन्होंने कहा कि भारत को मैन्युफ़ैक्चरिंग में नए आइडियाज़ की ज़रूरत है, जिससे विदेशी मुद्रा आएगी और रुपये की कीमत गिरने से बचेगी। आयात का कोई विकल्प ढूंढें और सोचें कि आप उसे कैसे बढ़ावा दे सकते हैं।

### कथा ज्ञान यज्ञ में मनाया श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव

**अमृत विचार, लखनऊ:** राजा बाजार स्थित गीता भवन में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन सोमवार को कथा में श्रीकृष्ण जन्म व नंदोत्सव मनाया गया। भगवान का प्राकट्य होते ही पंडाल नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की और हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर झूमते और नाचते दिखाई दिए। कथा व्यास आचार्य उमेश कुमार मिश्रा ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के आध्यात्मिक रहस्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब-जब धरती पर अधर्म, अनाचार और अत्याचार बढ़ता है, तब-तब भक्तों की रक्षा और धर्म की पुनर्स्थापना के लिए परमात्मा साकार रूप में अवतरित होते हैं। कंस के कारागार में प्रभु का प्राकट्य इस बात का प्रतीक है कि जब इंसान विकारों के बंधन में जकड़ा होता है, तब भक्ति और समर्पण से ही अज्ञानता का अंधकार दूर होता है। भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें कर्मयोग और निस्वार्थ प्रेम की सीख देता है।

### गर्मियों में सुचारु आपूर्ति के लिए की समीक्षा

**अमृत विचार,लखनऊ :** अपर मुख्य सचिव ऊर्जा और अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत, उप्र पावर कॉरपोरेशन के साथ बिजली निगमों के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल की अध्यक्षता में सोमवार को समीक्षा बैठक हुई। बैठक में गर्मियों में सुचार बिजली आपूर्ति की तैयारियों की जानकारी ली गई। सुधार के निर्देश भी दिए गए।



सम्मानित किए गए भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व अन्य। अमृत विचरा

# 300 वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को मिला गौरव सम्मान

## प्रदेश अध्यक्ष, संगठन महामंत्री ने भेंट किए केसरिया अंगवस्त्र, वस्त्र और साहित्य

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**भाजपा**

- **पार्टी के 47वें स्थापना दिवस पर राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल में आयोजित किया गया कार्यक्रम**
- **उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महानगर अध्यक्ष आनंद और नीरज सिंह भी रहे मौजूद**

**अमृत विचार :** भाजपा के 47वें स्थापना दिवस भाजपा की महानगर इकाई की ओर से 300 से अधिक वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को गौरव सम्मान से विभूषित किया गया। राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और संयोजक युवा नेता नीरज सिंह ने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को केसरिया अंगवस्त्र, वस्त्र एवं साहित्य भेंट किया।

प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि ये कार्यक्रम औपचारिक नहीं, बल्कि इस बात का संदेश है कि भाजपा में कार्यकर्ता सर्वोपरि हैं। वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का संघर्ष, तप, त्याग और समर्पण ही संगठन की सफलता का मूल आधार है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि, भाजपा की यात्रा आसान नहीं रही, लेकिन आज यह पार्टी देश की सबसे विश्वसनीय और विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में स्थापित है। चौधरी ने ये भी कहा कि भाजपा केवल चुनाव जीतने या सरकार बनाने के लिए नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे संगठन की विचारधारा, जनकल्याणकारी योजनाओं और सरकार की उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाएं और उत्तर प्रदेश को विकास के शिखर पर ले जाने में अपना योगदान दें। समारोह में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को देवतुल्य बताते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने सादर प्रणाम और अभिनंदन किया।

### स्क्रीन पर प्रदर्शित किए गए वरिष्ठ नेताओं के संदेश

- कार्यक्रम में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी नेताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमाओं के समक्ष समूह छायाचित्र भी लिया। साथ ही, पूर्व प्रदेश अध्यक्षों राजनाथ सिंह, कलराज मिश्र, विनय कटियार, डॉ. रमापति राम त्रिपाठी, केशव प्रसाद मौर्य, स्वतंत्र देव सिंह और भूपेंद्र सिंह चौधरी के संदेश एलईडी स्क्रीन पर प्रदर्शित किए गए।

**नाटक**

भारतेंदु नाट्य अकादमी के स्वर्ण जयंती समारोह में किया गया मंचन

# डैडी में दिखाया डिमेंशिया पीड़ित वृद्ध मरीज का दर्द



नाटक डैडी का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** भारतेंदु नाट्य अकादमी के स्वर्ण जयंती समारोह के दूसरे दिन सोमवार को नाटक डैडी का मंचन किया गया। फ्लोरियन जैलर के नाटक ले पेरे से प्रेरित इस नाटक को सूर्य मोहन कुलश्रेष्ठ और शिवांगी निगम ने लिखा और सूर्य मोहन कुलश्रेष्ठ ने इसका निर्देशन किया।

नाट्य संस्था दर्पण की ओर से मंचित इस नाटक में पद्मश्री डॉ. अनिल रस्तोगी ने डैडी की मुख्य भूमिका निभाई है। डैडी यानि अनंत डिमेंशिया से पीड़ित हैं। उनकी बेटी अनु उनकी देखभाल करती है। पिता की देखभाल की वजह से कई बार उसकी अपने पति से ही कहासुनी हो जाती है लेकिन वो किसी भी सूरत में अपने पिता को ठीक देखना चाहती है। अपनी स्मृतियों को खोता जा रहा पिता अपनी बेटी पर आश्रित होकर नहीं जीना चाहता। वो अपनी बेटी से बार-बार कहते हैं कि मैं अपना ध्यान रख सकता हूं। बेटी नाराज हो जाए इसलिए उस पर यह आरोप भी मढ़ते हैं कि वह घर पर कब्जा करना चाहती है। अपनी देखभाल के लिए रखी गई नर्स में उन्हें अपनी बेटी पीहू नजर आती है। वो यह बात नहीं जानते कि पीहू की सड़क दुर्घटना में मौत हो चुकी है। बेटी का प्रेमी चाहता है कि अनु अपने डैडी को छोड़कर बंगलौर शिफ्ट हो जाए और उन्हें मानसिक अस्पताल में भर्ती करा दिया जाए। अनु बेमन से अपने डैडी को अस्पताल में भर्ती करा देती है। अस्पताल में अनंत को अपनी बेटी पीहू बहुत याद आती है।

अनु बंगलौर चली गई यह सुनकर उनका दर्द और बढ़ जाता है। परेशान अनंत रोते हैं, मेरी पत्तियां झड़ रही हैं, मेरी शाखाएं टूट रही हैं। नर्स उन्हें सम्हालती है, हाथ पकड़कर पार्क में ले जाती है यह बताने के लिए कि नई पत्तियां भी निकलती हैं और नई शाखाएं भी तैयार हो जाती हैं। नाटक में डॉ. अनिल रस्तोगी के साथ शालिनी वर्मा, साक्षी उस्मान, पूजा सिंह, अजय शर्मा, अभिषेक सिंह, अभिषेक पाल और विपिन ने सराहनीय भूमिकाएं निभाईं।

## सिटी डायरी




कार्यक्रम में कुलपति सम्मानित करते डॉक्टर।

### आधुनिक तकनीकों से दंत चिकित्सा में सकारात्मक बदलाव

**अमृत विचार, लखनऊ :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के पेरियोडोन्टोलॉजी विभाग की ओर से दंत चिकित्सा अनुसंधान और नवाचार में आनुवंशिकी की वर्तमान स्थिति विषय पर सतत दंत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम एवं डीएनए पृथक्करण से लेकर व्याख्या तक शीर्षक से हैंड्स-ऑन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने किया। मुख्य वक्ता डॉ. श्रीकांत कुमार रथ, पूर्व विभागाध्यक्ष, टॉक्सिकोलॉजी एवं एक्सपेरिमेंटल मेडिसिन, सीएसआईआर-केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान ने दंत रोगों की आनुवांशिक संरचना और उनके लक्षणों को समझने पर जानकारी दी। विभागाध्यक्ष प्रो. नंदलाल के मार्गदर्शन में आयोजन सचिव प्रो. शालिनी कौशल ने कराया। डॉ. शालीन चन्द्रा, डॉ. नीतू निगम, डॉ. विमला वेंकटेश, प्रो. उमेश प्रताप वर्मा, प्रो. पवित्र कुमार मौजूद रहे।




ज्ञापन देकर बाहर निकलते पदाधिकारी।

### कायस्थ पाठशाला ने दिया सोसायटी को ज्ञापन

**अमृत विचार, लखनऊ :** कायस्थ पाठशाला (केपी ट्रस्ट) प्रयागराज के चुनाव में अध्यक्ष पद पर डॉ सुशील सिन्हा को 18 मतों से विजई घोषित किया गया। आज लखनऊ में विकासदीप स्थित निबंधक उत्तर प्रदेश सोसायटी एवं चिटफंड को एक ज्ञापन कायस्थ पाठशाला लखनऊ की ओर से दिया गया। आनन्द प्रकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में प्रवक्ता शेखर कुमार, सलाहकार अरुण श्रीवास्तव, एसके श्रीवास्तव, मयंक श्रीवास्तव, नरेश प्रधान, शारदा प्रसाद श्रीवास्तव, अजय दीप श्रीवास्तव, विकास सक्सेना, सुनील श्रीवास्तव सहित अन्य न्यासधारियों की उपस्थित में ज्ञापन प्रेषित किया गया।



जिलाध्यक्ष का स्वागत करते अन्य पदाधिकारी।

### नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का स्वागत

**अमृत विचार, काकोरी :** भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष पूर्व प्रधान दिनेश विश्वकर्मा कारविवार को अल्लूपुर गांव में समारोह किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष चौधरी सुशील कुमार पाल, विशिष्ट अतिथि युवा प्रदेश अध्यक्ष सुदेश पाल, प्रदेश प्रवक्ता राम सजीवन पाल, प्रदेश सचिव डॉ धर्मेंद्र, प्रदेश महिला अध्यक्ष मीना रावत, नगर अध्यक्ष आरती, प्रदेश सचिव वीरेन्द्र कुमार पाल, युवा प्रदेश सचिव सुरेश यादव, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम शंकर यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष रामसागर पाल रहे। वक्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने और किसानों की आवाज बुलंद करने का आह्वान किया।



नियुक्त पत्र देते पदाधिकारी।

### व्यापार मंडल से जुड़े

**अमृत विचार, लखनऊ :** विभिन्न बाजारों के कई व्यापारियों ने रविवार को संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की सदस्यता ग्रहण की। राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पांडे ने नए सदस्यों को संगठन से जुड़ने का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस मौके पर प्रवीण मणि त्रिपाठी, योगेश शुक्ला, कन्हैया सिंह, पुनीत मिश्रा, अमित कुमार विश्वकर्मा, जगदंबा प्रसाद तिवारी, रोहित द्विवेदी, नवीन चंद्र जोशी, पवन शर्मा, सुरेंद्र कुमार, अयोध्या प्रसाद, दीनदयाल पाल, विजय बघेल उपस्थित रहे।

## सिटी ब्रीफ

### 10 को शिक्षक करेंगे प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन ने पत्र जारी कर अपने संगठन के पदाधिकारियों से कहा कि वह 10 अप्रैल के कार्यक्रम की तैयारी करें। सभी जिला मुख्यालयों पर जिलाधिकारी के माध्यम से अपनी 16 सूत्रीय मांगों को मुख्यमंत्री को प्रेषित करें। संगठन की मांग है कि टीईटी की अनिवार्यता समाप्त की जाए पुरानी पेंशन की बहाली की जाए आदि मांगों का पत्र जिलाधिकारी को सौंपे। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक और पदाधिकारियों के हिस्सेदारी करने का संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी विनय सिंह ने मांग की है।

### सहायक प्रोफेसर भर्ती परीक्षा 25 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय संविदा आधार पर सहायक प्रोफेसर पदों के लिए परीक्षा का आयोजन करने जा रहा है। परीक्षा 25 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। परीक्षा में पर्यावरण विज्ञान, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, भौतिकी, रसायन विज्ञान, राजनीति विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, गणित, प्राणी विज्ञान तथा माइक्रोबायोलॉजी शामिल हैं। परीक्षा का आयोजन अलग-अलग समय स्लॉट में किया जाएगा। परीक्षाएं सुबह 10 .30 बजे से शाम 4 .30 बजे तक चार स्लॉट में आयोजित की गई है। परीक्षा नियंत्रक विकास ने बताया कि विश्वविद्यालय ने अभ्यर्थियों से निर्धारित समय पर परीक्षा केंद्र पर पहुंचने और आवश्यक दस्तावेज साथ लाना होगा।

### मुकदमे वापस लेने को एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र नेताओं पर दर्ज मुकदमों को लेकर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए ज्ञापन सौंपा। संगठन ने आरोप लगाया कि विधानसभा घेराव के आह्वान के बाद पुलिस द्वारा कई छात्र नेताओं को 50-50 हजार रुपए के मुचलके भरने के नोटिस जारी किए गए और बिना पर्याप्त आधार के मुकदमे दर्ज कर दिए गए। ज्ञापन में कहा गया कि यह कार्रवाई छात्रों के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है। एनएसयूआई का आरोप है कि कई ऐसे छात्रों के नाम भी मुकदमों में शामिल किए गए, जो आंदोलन में सक्रिय नहीं थे। संगठन ने निष्पक्ष जांच कर मुकदमे वापस लेने की मांग की है और चेतावनी दी है कि कार्रवाई न होने पर छात्र लोकतांत्रिक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### विकसित भारत के लिए सक्षम यात्रा का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में 'सक्षम यात्रा' कार्यक्रम का आयोजन बीबीएयू व बचपन प्ले स्कूल चैन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में बचपन प्ले स्कूल चैन के फाउंडर एवं सीईओ अजय गुप्ता उपस्थित रहे। संचालन डॉ. अर्पित शैलेश ने किया। कुलपति प्रो. मित्तल ने अपने संबोधन में कहा कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए उद्यमिता को व्यापक स्तर पर बढ़ावा देना अनिवार्य है। मुख्य अतिथि अजय गुप्ता ने 'सक्षम यात्रा' को उभरते उद्यमियों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल बताते हुए कहा कि यह 9 दिवसीय यात्रा दिल्ली से प्रारंभ होकर अयोध्या, लखनऊ, आगरा, मथुरा और जयपुर जैसे शहरों से होकर गुजरेगी। इस अवसर पर प्रो. नवीन कुमार अरोड़ा, प्रो. मनोज कुमार जोशी, प्रो. नीतू सिंह सहित अनेक शिक्षक, अधिकारी एवं सक्षम यात्रा टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

### शिक्षक कल्याण बोर्ड गठन की मांग

**अमृत विचार , लखनऊ :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक जय नारायण इंटर कॉलेज में प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में वित्तविहीन शिक्षक सेवा सुरक्षा एवं कल्याण बोर्ड, आयोग के गठन की मांग सर्वसम्मति से पारित कर राज्य सरकार को भेजने का निर्णय लिया गया। प्रादेशिक उपाध्यक्ष डॉ. आरपी मिश्र एवं महामंत्री नरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि 2 मई को प्रदेश के सभी जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालयों पर धरना दिया जाएगा। इसमें एनपीएस शिक्षकों की समस्याओं का समाधान, बकाया भुगतान, लंबित पदोन्नतियां, चयन व प्रोन्नत वेतनमान, उत्पीड़न से सुरक्षा और एनपीएस कटौती को जीपीएफ खाते में जमा कराने जैसी मांगें शामिल हैं। बैठक में चयन बोर्ड अधिनियम की धारा 18 व 21 की वापसी, पुरानी पेंशन बहाली, समान कार्य के लिए समान वेतन तथा तदर्थ शिक्षकों के विनियमितीकरण की मांग भी उठाई गई।

# लविवि : कम्प्यूटर विज्ञान में आठ नए पाठ्यक्रम शुरू

## नए पाठ्यक्रमों में कुल 460 सीटों पर होंगे प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** उद्योग, प्रशासन, अनुसंधान और डिजिटल समाज की उभरती आवश्यकताओं के अनुरूप लखनऊ विश्वविद्यालय ने कुल आठ नए पाठ्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है। विश्वविद्यालय के कंप्यूटर विज्ञान विभाग इन शैक्षणिक कार्यक्रमों सत्र 2026-27 से आरंभ कर रहा है। इन कार्यक्रमों को शैक्षणिक और व्यावसायिक दृष्टिकोण के साथ शुरू किया गया है जिसमें छात्रों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर लचीलापन, डेटा-संचालित निर्णय लेने, कनेक्टेड डिवाइस और उन्नत कंप्यूटिंग अनुप्रयोगों के युग के लिए तैयार किया जाएगा।

बीसीए (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग) कार्यक्रम कृत्रिम बुद्धिमत्ता शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, बैंकिंग, शासन, विनिर्माण, ई-कॉमर्स और सार्वजनिक सेवाओं पर होगा। बीसीए (साइबर सुरक्षा और साइबर फोरेंसिक्स) साइबर अपराध, डेटा उल्लंघन, रैंसमवेयर हमले, पहचान की चोरी, डिजिटल धोखाधड़ी और ऑनलाइन निगरानी के बढ़ते खतरों के चलते सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में प्रशिक्षित साइबर सुरक्षा पेशेवरों पर है। इसी प्रकार बीसीए (डेटा साइंस और डेटा एनालिटिक्स), बीसीए (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) स्मार्ट होम, स्मार्ट कृषि, स्मार्ट स्वास्थ्य सेवा, औद्योगिक स्वचालन, पर्यावरण निगरानी, पहनने योग्य उपकरण और बुद्धिमान शहरी अवसंरचना के प्रसार के साथ इंटरनेट ऑफ थिंग्स पर आधारित है।

### नए पाठ्यक्रम और सीटें

- कंप्यूटर एप्लीकेशन में स्नातक (कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग) बीसीए (एआई और एमएल) – 75 सीट
- कंप्यूटर एप्लीकेशन में स्नातक (साइबर सुरक्षा और साइबर फोरेंसिक्स) बीसीए (सीएस और सीएफ) -75 सीट
- कंप्यूटर एप्लीकेशन में स्नातक (डेटा साइंस और डेटा एनालिटिक्स) बीसीए (डीएस और डीए) -75 सीट
- कंप्यूटर एप्लीकेशन में स्नातक (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) बीसीए (आईओटी)- 75 सीट
- मास्टर ऑफ साइंस (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग) एमएससी (एआई और मशीन लर्निंग)- 40 सीट
- मास्टर ऑफ साइंस (डेटा साइंस और डेटा एनालिटिक्स) एमएससी (डीएस)- 40 सीट
- मास्टर ऑफ साइंस (साइबर सुरक्षा और साइबर फोरेंसिक्स) एमएससी (सीएस और सीएफ)- 40 सीट
- साइबर सुरक्षा में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पीजीडीसीएस -40 सीट


- उद्योग, प्रशासन, अनुसंधान और डिजिटल समाज की आवश्यकताओं पर आधारित है पाठ्यक्रम

### नैनो मैटेरियल्स पर राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन

**अमृत विचार, लखनऊ:** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय द्वारा आयोजित "सिंथेसिस, कैरेक्टराइज़ेशन एवं एप्लिकेशन ऑफ नैनोमैटेरियल्स" विषयक राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन हो गया। 6 से 10 अप्रैल तक हाइब्रिड मोड में आयोजित इस कार्यशाला में देशभर से जुड़े प्राध्यापक, वैज्ञानिक, शोधार्थी एवं विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता की। समापन सत्र के मुख्य अतिथि डीन एकेडमिक्स प्रो. वी. के. सिंह रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नैनो-प्रौद्योगिकी वर्तमान समय में विज्ञान एवं तकनीक के विकास का प्रमुख आधार बन चुकी है और इसके माध्यम से चिकित्सा, ऊर्जा, पर्यावरण एवं उद्योग जैसे क्षेत्रों में क्रांतिकारी परिवर्तन संभव हैं। उन्होंने प्रतिभागियों से प्राप्त ज्ञान को शोध एवं नवाचार में प्रयोग करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. चन्द्र कुमार दीक्षित ने की। उन्होंने कार्यशाला के सफल आयोजन पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि नैनो-विज्ञान एक ऐसा अंतःविषयक क्षेत्र है, जो विभिन्न विज्ञान शाखाओं को एक मंच पर लाकर शोध के नए अवसर प्रदान करता है।

# शकुंतला विवि और एमडीएसयू ने बढ़ाया समावेशी विकास की दिशा में कदम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


एमओयू साझा करते शकुंतला विवि के कुलपति आचार्य संजय सिंह और एमडीएसयू के कुलपति प्रो . सुरेश कुमार अग्रवाल। अमृत विचार

**अमृत विचार:** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय और महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर के बीच उच्च शिक्षा, शोध और समावेशी विकास को आगे बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ। शकुंतला विवि के कुलपति प्रो. संजय सिंह और एमडीएसयू के कुलपति प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल ने एमओयू का आदान-प्रदान किया। कुलपति आचार्य संजय सिंह ने बताया कि समझौते के तहत दोनों विश्वविद्यालय मिलकर शिक्षकों के प्रशिक्षण, शोध कार्य और नई शिक्षण तकनीकों पर काम करेंगे। फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी), ओरिएंटेशन और रिफ्रेशर कोर्स साथ ही अनेक प्रशिक्षण और कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी।

उन्होंने बताया कि नदोनों संस्थान संयुक्त शोध परियोजनाएं, सेमिनार, सम्मेलन और प्रकाशन भी करेंगे। शिक्षकों का आदान-प्रदान, मेंटरशिप और शोध मार्गदर्शन के जरिए शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाया जाएगा। यह समझौता खास तौर पर समावेशी और पुनर्वास शिक्षा को बढ़ावा देने में मददगार होगा। शकुंतला विवि अपनी दिव्यांगजनों की शिक्षा में विशेषज्ञता साझा करेगा, वहीं एमडीएसयू का शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र शिक्षकों के कौशल विकास में सहयोग करेगा। एमओयू के तहत दोनों विश्वविद्यालय पुस्तकालय, प्रयोगशालाएं और अन्य सुविधाएं और अपने संसाधनों को भी साझा करेंगे। छात्रों और शोधार्थियों को प्रशिक्षण, इंटर्नशिप और शैक्षणिक भ्रमण के बेहतर अवसर मिलेंगे। एमओयू हस्ताक्षर के दौरान पुनर्वास विश्वविद्यालय की ओर से दृष्टिबाधिता के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. विजय शंकर शर्मा, महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय के कुलसचिव कैलाश चंद्र शर्मा, प्रो. सुभाष मिश्रा व अन्य वरिष्ठ संकाय सदस्य मौजूद रहे।

- दोनों विश्वविद्यालयों के बीच समझौता, शिक्षा और शोध को मिलेगा बढ़ावा
- मेंटरशिप और शोध मार्गदर्शन के जरिए शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाया जाएगा
- शकुंतला विवि अपनी दिव्यांगजनों की शिक्षा में विशेषज्ञता साझा करेगा

# ग्रामीण विकास के बिना नहीं बनेगा विकसित भारत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** जब तक गांवों का विकास नहीं होगा, तब तक देश का समग्र विकास संभव नहीं है। गांवों के विकास के माध्यम से ही 'विकसित भारत' का सपना साकार किया जा सकता है। भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव सुनील देवधर ने नेशनल पीजी कॉलेज में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सेमिनार को संबोधित करते हुए यह बात कही। भारतीय ज्ञान प्रणाली और विकसित भारत विषय पर आयोजित तीन दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन सोमवार को किया गया। उन्होंने कहा कि सतत विकास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के 17 सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति है।



सुनील देवधर को सम्मानित करते प्राचार्य डॉ . देवेंद्र प्रताप सिंह। अमृत विचार

टेक्सास विश्वविद्यालय के प्रो. सुभाष सी. चौहान ने कहा कि कैंसर जैसे गंभीर रोगों के उपचार में आयुर्वेद में व्यापक संभावनाएं हैं, जिन पर वैश्विक स्तर पर शोध हो रहा है। विशेष रूप से हल्दी को प्रभावी औषधि के रूप में देखा जा रहा है। ईस्ट यूरोपियन यूनिवर्सिटी, जॉर्जिया की डॉ. तमता लेकिशविली ने कहा कि युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में दक्ष बनाना जरूरी है, ताकि वे तकनीकी रूप से सशक्त होकर विकसित भारत में योगदान दे सकें।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रो. एमएम गोयल ने कहा कि महाभारत काल से ही भारतीय ज्ञान परंपरा का प्रभाव रहा है। लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. एसपी सिंह ने कहा कि ज्ञान अर्जन एक सतत प्रक्रिया है। कार्यक्रम में प्रो. विवेक पांडेय, आनंद भारद्वाज, प्रो. एमके अग्रवाल व प्रो. टीपी सिंह सहित कई विद्वान उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. देवेंद्र प्रताप सिंह ने स्वागत किया।

### आज से शुरू होगा विवि में योग सत्र



**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण विभाग और फैकेल्टी ऑफ योगा एण्ड अल्टरनेटिव मेडिसिन विभाग के संयुक्त तत्त्वावधान में आज मुख्य परिसर व नवीन परिसर में योगा सेशन का आयोजन किया गया है। जिसमें विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र -छात्राएं आदि निशुल्क रुप से भाग लेकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# लखनऊ में सांसद खेल महाकुंभ की शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** केडी सिंह बाबू स्टेडियम समेत शहर के चार प्रमुख स्टेडियमों में सोमवार से सांसद खेल महाकुंभ के तहत प्रतियोगिताओं की शुरुआत हो गई। पहले चरण में पूर्वी व उत्तरी विधानसभा क्षेत्रों के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में प्रतिभा दिखाई। जिलाधिकारी विशाख जी ने स्टेडियम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि पहले चरण में लखनऊ संसदीय क्षेत्र की पांचों विधानसभा में जूनियर व सीनियर वर्ग की प्रतियोगिताएं हो रही हैं। ताइक्वांडो, बॉक्सिंग सहित कई मुकाबले विभिन्न स्टेडियमों में चल रहे हैं। दूसरे चरण में चयनित खिलाड़ी 13 से 15 अप्रैल तक होने वाले मुख्य महोत्सव में भाग लेंगे, जिसमें एथलेटिक्स, फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, हॉकी समेत पारंपरिक खेल भी शामिल होंगे। करीब 2400 खिलाड़ियों के भाग लेने की उम्मीद है। कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में अधिकारियों ने आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की। फाइनल मुकाबले 13 से 15 अप्रैल तक केडी सिंह बाबू स्टेडियम में होंगे।

# कॉस्मेटिक प्रोस्थेसिस से बदलेगी दिव्यांगों की ज़िंदगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में प्रोस्थेटिक्स एवं ऑर्थोटिक्स विभाग की ओर से "कॉस्मेटिक रिस्टोरेशन प्रोस्थेसिस फॉर एम्प्यूटी" विषय पर विशेष कार्यशाला शुरू हुई। इसमें प्रतिभागियों को कॉस्मेटिक्स के माध्यम से कृत्रिम उंगली, कान, नाक जैसे अंग तैयार करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जो देखने में बिल्कुल प्राकृतिक अंगों जैसे प्रतीत होते हैं। कार्यशाला में उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान सहित सात राज्यों से विद्यार्थी, आरसीआई लाइसेंस प्राप्त प्रोस्थेटिस्ट एवं ऑर्थोटिस्ट भाग ले रहे हैं।

> कॉस्मेटिक प्रोस्थेसिस से दिव्यांगजनों को न केवल कार्यात्मक सहयोग मिलेगा, बल्कि उनका आत्मविश्वास और सामाजिक सम्मान भी बढ़ेगा।
> -आचार्य संजय सिंह, कुलपति डॉ . शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय

कार्यशाला प्रबंधक डॉ. रंजीत कुमार ने बताया कि दुर्घटना, बीमारी या जन्मजात कारणों से अंग खोने पर व्यक्ति शारीरिक ही नहीं, मानसिक और सामाजिक रूप से भी प्रभावित होता है। ऐसे में कॉस्मेटिक प्रोस्थेसिस उनके जीवन में नई आशा का संचार करते हैं। इनका उद्देश्य कार्यक्षमता के साथ-साथ प्राकृतिक बनावट और सौंदर्य की पुनर्स्थापना करना है। आधुनिक तकनीकों जैसे सिलिकॉन और थ्रीडी प्रिंटिंग से त्वचा के रंग, बनावट और नसों तक का आभास दिया जा रहा है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वित्त अधिकारी श्रीनिवास त्रिपाठी, उप कुलसचिव अनिल कुमार मिश्रा, डीन एकेडेमिक्स प्रो. वीके सिंह, प्रो. यशवंत वीरोदय, डॉ. सुजीत कुमार मौर्या सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### जमन लाल शर्मा एकादश ने जीत के साथ किया शानदार आगाज

**अमृत विचार, लखनऊ :** चंद्र भान गुप्त खेल मैदान पर सोमवार से शुरू हुए द्वितीय फज्लुर रहमान मेमोरियल सब जूनियर हॉकी टूर्नामेंट में जमन लाल शर्मा एकादश ने शानदार जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। टीम ने मो. शाहिद एकादश को 3-1 से हराकर दमदार प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट के उद्घाटन मुकाबले में रहमान एकादश और गांधी क्लब के बीच रोमांचक मैच खेला गया, जो 3-3 की बराबरी पर समाप्त हुआ।

## सिटी डायरी

### अंतरराष्ट्रीय बाल फिल्मोत्सव शुरू


सीएमएस के बच्चों से बात करते हुए कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा।

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल द्वारा आयोजित किये जा रहे अंतरराष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा, लोक गायिका मालिनी अवस्थी ने किया। इस अवसर पर अभिनेता चरनप्रीत, हरजसप्रीत व गायिका जानिया भोसले उपस्थित रहे। विदित हो कि अंतरराष्ट्रीय बाल फिल्मोत्सव का आयोजन 6 से 12 अप्रैल तक सीएमएस कानपुर रोड ऑडिटोरियम में किया जा रहा है। बाल फिल्मोत्सव का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि अरविंद शर्मा ने कहा कि चाहे किसी भी पद पर पहुंच जाएं परन्तु अपने माता-पिता व गुरु का सम्मान सदैव करें। मालिनी अवस्थी ने कहा कि अच्छी फिल्में बच्चों को अच्छा इंसान बनाती हैं। प्रबन्धक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने स्वागत करते हुए कहा कि फिल्म जैसे सशक्त माध्यम का उपयोग भावी पीढ़ी में जीवन मूल्यों एवं नैतिक गुणों के विकास के लिए होना चाहिए।


पुस्तक विमोचन करते कुलपति प्रो . अजय तनेजा व अन्य।

### साइबर सिक्योरिटी अब बन गया है डिजिटल इम्यून सिस्टम

**अमृत विचार , लखनऊ :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में "द फ्यूचर ऑफ साइबर सिक्योरिटी" विषय पर कार्यशाला के साथ साइबर सिक्योरिटी सत्र 2026 का शुभारंभ हुआ। कुलपति प्रो . अजय तनेजा ने कहा कि आज के डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा एक सशक्त "डिजिटल इम्यून सिस्टम" बन चुकी है, जो समाज और व्यक्तिगत जीवन को साइबर खतरों से सुरक्षित रखती है। उन्होंने जागरूकता और तकनीकी कौशल को जरूरी बताया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ . अरुण मोहन शैरी और मुख्य वक्ता डॉ . रक्षित टंडन ने फिशिंग, रैनसमवेयर व डेटा ब्रीच जैसे खतरों पर प्रकाश डाला। इस दौरान डॉ . नलिनी मिश्रा की पुस्तक "हमारी संस्कृति हमारी पहचान" का विमोचन भी हुआ।


अपनी मांगों को लेकर जुटे माध्यमिक शिक्षक।

### शिक्षकों ने दिखाई एकजुटता

**अमृत विचार , लखनऊ :** प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए माध्यमिक शिक्षकों ने 25 सूत्रीय मांगों को लेकर इको पार्क में सेवा सुरक्षा महारैली आयोजित कर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। शिक्षक नेता सोहन लाल वर्मा के नेतृत्व में शिक्षकों ने लंबित मांगों को शीघ्र पूरा करने की मांग की। उन्होंने सेवा सुरक्षा से जुड़ी धारा 21, 18 व 12 को उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग अधिनियम 2023 में शामिल करने की बात कही। शिक्षकों ने वित्तविहीन विद्यालयों के लिए सेवा नियमावली, मानव संपदा पोर्टल पर डाटा फीडिंग, सहायक अध्यापक का पदनाम सहायक प्रवक्ता करने, एनओसी रहित ऑनलाइन स्थानांतरण और वरिष्ठता मूल नियुक्ति तिथि से तय करने की मांग उठाई।


बैठक में शामिल महासंघ के पदाधिकारी।

### संविदा कर्मियों का आंदोलन तेज

**अमृत विचार, लखनऊ :** ऊर्जा निगमों में कार्यरत संविदा कर्मियों को आउटसोर्स निगम में शामिल कराने की मांग को लेकर विद्युत संविदा कर्मचारी महासंघ ने आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है। नरही स्थित केंद्रीय कार्यालय में अध्यक्ष आरएस राय की अध्यक्षता में हुई बैठक में 78 हजार कर्मियों के हित में चरणबद्ध आंदोलन का निर्णय लिया गया। महासंघ ने कहा कि मांगें पूरी न होने पर कार्य बहिष्कार को अनिश्चितकालीन रूप दिया जाएगा।

## खेल खिलाड़ी

**9 अप्रैल को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक,विधायक सुशील सिंह करेंगे लीग का उद्घाटन**

# खेल इतिहास में जुड़ेगा हैंडबाल लीग का नया चैप्टर



हैंडबॉल लीग की जानकारी देते डॉ . आनंदेश्वर पाण्डेय, ब्रांड एंबेसडर सबिता कलवार और अमित पाण्डेय । अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश के खेल इतिहास में यूपी प्रो हैंडबॉल लीग के रूप में नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देश्यीय हॉल में 9 से 14 अप्रैल तक इस लीग का आयोजन किया जाएगा।

लीग के सीईओ डॉ. आनन्देश्वर पांडेय, संस्थापक एमडी अमित पांडेय ने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन और एसएन पाण्डेय खेल संस्थान ट्रस्ट के देखरेख में प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसमें काशी किंग्स, मथुरा ब्रज स्टार, नोएडा ब्लास्टर्स, गाजियाबाद पैंथर्स, बर्बरीक वॉरियर्स और गोरखपुर राउडीज नाम से छह टीमें खेलेंगी। सभी टीमों में 14 खिलाड़ी होंगे। मैच 20-20 मिनट के दो हाफ हो होगा और बीच दो मिनट का रेस्ट मिलेगा। लखनऊ निवासी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अंकित चौधरी नोएडा ब्लास्टर्स और मोहित यादव बर्बरीक वारियर्स से खेलेंगे। विजेता टीम को 2 लाख रुपये, उपविजेता को 1 लाख रुपये नकद पुरस्कार दिया जाएगा। लीग का उद्घाटन 9 अप्रैल को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और विधायक सुशील सिंह करेंगे। लीग का प्रसारण दूरदर्शन, वेव ओटीटी, फैन कोड और स्पोर्ट्स कास्ट पर किया जाएगा।

**हैंडबॉल पर फिल्म बनाने की इच्छा:** लीग की ब्रांड एंबेसडर सबिता कलवार ने कहा कि जिस तरह हॉकी, कबड्डी, बैडमिंटन और क्रिकेट खिलाड़ियों पर फिल्में बन चुकी हैं, वैसे ही हैंडबॉल खिलाड़ियों की कहानी भी बड़े पर्दे पर आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वह ऐसी फिल्म में महिला हैंडबॉल खिलाड़ी का किरदार निभाना चाहेंगी। यूपी प्रो हैंडबॉल लीग से प्रदेश में इस खेल को नई पहचान मिलेगी।

- हैंडबॉल लीग में प्रदेश के शहरों के नाम से बनी छह टीमें खेलेंगी
- केडी सिंह स्टेडियम में होंगे मैच दूरदर्शन पर होगा प्रसारण
- विजेता को दो, उप विजेता को दिया जाएगा एक लाख इनाम
- 9 से 14 अप्रैल तक होगा लीग का आयोजन

### टीमें और उसके आइकन प्लेयर्स

- काशी किंग्स, आइकन प्लेयर वाराणसी के अनीश यादव।
- मथुरा ब्रज स्टार, आइकन प्लेयर यूपी पुलिस केनिहाल जायसवाल।
- नोएडा ब्लास्टर्स, आइकन प्लेयर लखनऊ के अंकित चौधरी।
- गाजियाबाद पैंथर्स, आइकन प्लेयर यूपी पुलिस के अमान चौधरी।
- बर्बरीक वारियर्स, आइकन प्लेयर लखनऊ के मोहित यादव।
- गोरखपुर राउडीज, आइकन प्लेयर गोरखपुर के मनीष त्रिपाठी।